प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 11.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

.........................

- राज्य के वर्ष 2024–25 के बजट को लेकर प्रदेशभर से मिलीजुली प्रतिक्रियाएं–केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने जनकल्याणकारी बजट बताया–नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने दिशाहीन करार दिया।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी केंद्रीय बजट के लिए आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे।

- विश्व जनसंख्या दिवस आज–जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को किया जाएगा सम्मानित।

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा–आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित किए गए जिला अस्पतालों को केंद्र से धन मिलना जारी रहेगा।

.........................

राज्य के वर्ष 2024–25 के बजट को लेकर प्रदेशभर से मिलीजुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने राज्य सरकार को जनकल्याणकारी बजट के लिए बधाई दी है। श्री मेघवाल ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश की 350 बिलियन डॉलर की इकॉनोमी के लक्ष्य को ध्यान में रखकर आम नागरिक के जीवन में सुगमता लाने के लिए समावेषी बजट प्रस्तुत किया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि राज्य सरकार का वित्तीय वर्ष 2024–25 का परिवर्तित बजट विकसित भारत–2047 की परिकल्पना को मूर्तरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। विकसित भारत को लेकर बजट में दिए गए 10 संकल्प विकास के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने बजट में भीलवाड़ा नगर परिषद को नगर निगम बनाने की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से प्रदेश में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे। उधर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जुली ने बजट को निराशाभरा बताया है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि ये बजट पूरी तरह से दिशाहीन है। बजट में केवल झूठे भाषण और थोथी घोषणाएं है।

.........................

राज्य विधानसभा सत्र के दौरान आज उप मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी आउटपुट बजट वर्ष 2022–23 और आउटकम बजट वर्ष 2023–24 सदन की मेज पर रखेंगी। इनके अलावा विभिन्न विभागों की अधिसूचनाएं भी आज प्रस्तुत की जायेंगी। इनमें वित्त विभाग की 52 अधिसूचनाएं, परिवहन और सड़क सुरक्षा तथा राजस्व विभाग की चार–चार अधिसूचनाएं शामिल है। वार्षिक प्रतिवेदन और लेखे भी सदन की मेज पर रखे जायेंगे। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चंद बैरवा कोटा के राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय की वर्ष 2023 की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट और चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर जयपुर के आरयूएचएस का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। सत्र के दौरान आज परिवर्तित बजट 2024–25 पर सामान्य चर्चा भी की जायेगी।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी केंद्रीय बजट के लिए आज नई दिल्ली में प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों के साथ विचार–विमर्श करेंगे। बैठक में अर्थशास्त्रियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ भाग लेंगे। साथ ही नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। संसद का बजट सत्र इस महीने की 22 तारीख को शुरू होगा। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन 23 तारीख को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2024–25 पेश करेंगी। यह नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि यह बजट भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार की दूरगामी नीतियों का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में प्रमुख आर्थिक और सामाजिक सरोकारों के साथ कई ऐतिहासिक कदम भी देखने को मिलेंगे।

.........................

देशभर के आकांक्षी जिलों और आशन्वित ब्लॉक्स में चलाये जा रहे सम्पूर्णता अभियान के तहत प्रदेश के पांच जिलों और 27 उपखंडों में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी के तहत गंगापुर सिटी उपखंड के वजीरपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शिविर लगाया गया। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि शिविर में आस–पास के गांवों के लोगों का बीपी और डायबिटिज सहित अन्य बीमारियों की निशुल्क जांच की गई।

.........................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी ऑस्ट्रिया यात्रा को ऐतिहासिक और काफी उत्पा्दक बताया है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच की मित्रता को मजबूत किया है। ऑस्ट्रिया की यात्रा के समापन पर श्री मोदी ने कहा कि वे वियना में विभिन्न कार्यक्रमों में भागीदारी करके प्रसन्न हैं। उन्होंने ऑस्ट्रिया के लोगों के आतिथ्य और स्नेह के लिए चांसलर कार्ल नेहमर और ऑस्ट्रिया की सरकार का आभार व्यक्त किया। वियना में ऑस्ट्रिया के चांसलर नेहमर के साथ वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को एक रणनीतिक दिशा देने संबंधी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने परस्पर सहयोग को और सशक्त बनाने की नई संभावनाओं की पहचान की है।

चांसलर नेहमर के साथ ऑस्ट्रिया और भारत के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के समूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में तेजी से बढते अवसरों का लाभ उठाने के लिए ऑस्ट्रिया के कारोबारी हितधारकों का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत विश्व में तीसरी सबसे बडी अर्थव्येवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

.........................

प्रधानमंत्री, रूस और ऑस्ट्रिया की दो देशों की अपनी आधिकारिक यात्रा पूरी करने के बाद नई दिल्ली पहुंच चुके हैं।

.........................

आज विश्व जनसंख्या दिवस है। इस अवसर पर राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और चिकित्सा और स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर शिरकत करेंगे। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि समारोह में प्रदेश में परिवार कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले अस्पतालों, गैर सरकारी संगठनों, ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों को पुरस्कृत किया जायेगा। व्यक्तिगत रूप से विशेष प्रयास कर उपलब्धि अर्जित करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जायेगा। श्रीमती सिंह ने बताया कि इस बार विश्व जनसंख्या दिवस की थीम ''विकसित भारत की नई पहचान–परिवार नियोजन हर दम्पती की शान'' रखी गई है।

.........................

हनुमानगढ़ जिल के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज से दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह विभिन्न स्थानों पर श्रमदान के साथ हुई। इनके अलावा कई रौचक प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। कल जिले का स्थापना दिवस मनाया जायेगा।

.........................

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि आयुर्विज्ञान कॉलेज में परिवर्तित किए गए वर्तमान जिला और रेफरल अस्पतालों को केंद्र सरकार से धन मिलना जारी रहेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्र ने इस मामले में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक पत्र लिखा है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि जिला अस्पतालों को विकसित करने और सशक्त बनाकर नए आयुर्विज्ञान कॉलेज खोलने के लिए केंद्र प्रायोजित योजना से वित्तीय समर्थन दिया जाता है। इसकी शुरूआत 2014 में की गई थी।

.........................